हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025



# शिवनाथ सहित तालाब और कुंड में दो दिनों तक चला विसर्जन का दौर, गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर में शनिवार को हवन पूजन के बाद गणेश विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया,जो रविवार की देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ बप्पा का जयकारा लगाते हुए उनकी प्रतिमा का विसर्जन किया । इस दौरान शहर के मोहारा शिवनाथ नदी के समीप विसर्जन कुंड में सुबह से प्रतिमा विसर्जन करने श्रद्धालु पहुंचते रहे। शहर के विभिन्न घरों, कार्यालयों और पूजा पंडालों में विराजित भगवान गणेश की प्रतिमा के विसर्जन का सिलसिला शनिवार को हवन पूजन के बाद शुरू हो गया। शहर में दो दिनों तक भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जन का दौरा चलता है ।

नगर निगम द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जन के लिए शहर के मोहारा में बने विसर्जन कुंड में विधि-विधान के साथ प्रतिमा विसर्जन करने व्यवस्था की गई थी। वहीं शहर के पूजा पंडालों में विराजित भगवान गणेश की बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन भी लगाया गया था, जहां क्रेन के माध्यम से प्रतिमा को कुंड के बीच ले जाकर विसर्जित किया गया ।

## छोटी मूर्तियों के साथ ही बड़ी मूर्तियों को भी मोहारा के कुंड में किया गया विसर्जित

### श्रद्धा-भक्ति से की विदाई

बप्पा को बाजे-गाजे के साथ विदा करने सपरिवार श्रद्धालु विसर्जन कुंड पहुंचे । इस दौरान श्रद्धालुओं ने कहा कि वे 10 दिनों तक अपने घरों में काफी श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित किए थे। अब उन्हें अगले बरस जल्दी आने की कामना करते हुए विदा कर रहे हैं। बप्पा को विदा करते हुए कुछ श्रद्धालु उनके कान में अपनी इच्छा पूर्ति के लिए मनोकामना भी करते नजर आए।



### श्रद्धालु हुए भावविभोर

निगम द्वारा बनाए गए विसर्जन कुंड में छोटी बड़ी 1000 से अधिक प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया गया । विसर्जन स्थल पर विसर्जन पूर्व आरती- पूजा के लिए टेबल लगाए गए थे, जहां श्रद्धालुओं ने बप्पा की प्रतिमा को रखकर पूजा-अर्चना की और भावविभोर होकर विसर्जित किया।

### बप्पा के साथ ली सेल्फी

मोहरा विसर्जन कुंड में प्रतिमा विसर्जन करने पहुंचे श्रद्धालु अपने वाहन से उतरकर बप्पा को पैदल ही विसर्जन कुंड तक अपने हाथों में, कंधे पर, सिर रखकर लाए। घरों में विराजित भगवान गणेश की प्रतिमा को विदा करने कई परिवार संयुक्त रूप से विसर्जन के लिए पहुंचा, जहां उन्होंने बप्पा के साथ अपनी सेल्फी ली और प्रतिमा का विसर्जन किया।

## लाखों की संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु, गाजे-बाजे में थिरके गणेशभक्त

# धार्मिक, सामाजिक और देशभक्ति की थीम पर बनी झांकियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगभग 100 वर्ष पुराने राजनांदगांव के ऐतिहासिक गणेश उत्सव के पर्व में लगभग 89 वर्ष पूर्व से चली आ रही विसर्जन झांकी की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी शहर में गणेश प्रतिमा विसर्जन की रात्रि विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और देशभक्ति पर आधारित प्रसंगों पर चलित विसर्जन झांकी निकाली गई। विसर्जन झांकी देखने लाखों लोगों का हुजूम रातभर शहर की सड़कों पर नजर आया । इस वर्ष पुलिस और प्रशासन द्वारा जगह-जगह छोटी गलियों को बंद करने से लोगों को समस्याओं का सामना भी करना पड़ा। वहीं शहर के कई चौक-चौराहों पर झांकियां जाम होती रही। जिसकी वजह से एक जगह पर ही काफी भीड़ बढ़ती रही।

शनिवार की रात विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित शहर में भव्य, आकर्षक और जीवंत चलित झांकियां निकाली गई। शहर में लगभग गणेश विसर्जन की पूर्व रात्रि में झांकी निकालने की परम्परा चली आ रही है। अपनी परंपरा के अनुरूप शहर में विसर्जन झांकी निकाली गई। यहां विभिन्न गणेशोत्सव समितियों द्वारा इस वर्ष लगभग 30 से अधिक झांकियां निकाली गई थी।

**विभिन्न प्रसंगों पर आधारित :** तिरंगा मंडल द्वारा प्रदेश के रजत जयंती पर आधारित झांकी, बस स्टैंड द्वारा रावण एवं कुंभकरण के मध्य युद्ध, बाल समाज द्वारा सिंदूर ऑपरेशन, उमंग गणेशोत्सव समिति द्वारा खाटू श्याम, नवरत्न मंडल द्वारा नवग्रहों को रावण द्वारा बांधे जाने, सुमति मंडल द्वारा गजेंद्र वंदना, अष्टविनायक मंडल द्वारा सर्प यज्ञ, इसके अलावा नवीन आदर्श मंडल गोलबाजार, आजाद चौक गणेश समिति, बाल समाज मित्र मंडल, गंज गणेश समिति, त्रिशंक मंडल ब्राह्मणपारा, जनता कॉलोनी गणेश उत्सव समिति, दुर्गा गणेश उत्सव समिति, मां शीतला गणेश उत्सव समिति, नवयुवक मंडल सहित लगभग 30 समितियां द्वारा विसर्जन झांकी विभिन्न प्रसंगों पर आधारित निकाली गई।



### कई राज्यों से पहुंचे लोग

शहर में विभिन्न गणेशोत्सव समितियों ने अपनी परम्परा के अनुरूप वर्षों से चली आ रही भगवान गणेश विसर्जन झांकी को इस वर्ष भी बेहतर तरीके से दर्शकों के बीच प्रस्तुत किया गया। विसर्जन झांकी देखने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र से भी दर्शक यहां पहुंचे थे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि देशभर में नांदगांव के विसर्जन झांकी काफी प्रसिद्ध है, यहां का उत्साह देखते बनता है।

**निगम सहित समाजसेवी ने किया स्वागत:** शहर की सड़कों में रातभर घूमने वाले आकर्षक झांकियों को नगर निगम द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप रनिंग शील्ड , नगदी रकम आदि देने के लिए पंडाल लगाकर झांकियों का अवलोकन किया जाता रहा।



**रातभर डटे रहे प्रशासनिक अधिकारी:** झांकी की व्यवस्था का जायजा लेने कलेक्टर, आईजी, एसपी भी शहर की सड़कों पर घूमते रहे। शहर में विसर्जन झांकी के दौरान लगभग एक हजार की संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। राजनांदगांव सहित अन्य जिले से भी पुलिस बल बुलाया गया था। जिसमें लगभग दो दर्जन से अधिक पुलिस अधिकारी और 950 से अधिक पुलिस जवान तैनात किए गए थे। आईजी अभिषेक शांडिल्य ने बताया कि झांकी में सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक हजार से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

# रूट तय करने में लगे दस घंटे, तारों ने झांकियों की रफ्तार को कर दिया सुस्त

## कई जगह फंसी झांकियां, समितियां भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विसर्जन के मौके पर निकलने वाली चलित झांकियों के लिए देशभर में प्रख्यात राजनांदगांव शहर में इस बार पुलिस की लचर व्यवस्था के चलते काफी दिक्कतें देखने को मिली, जहां झांकियों को तय समय में रूट पूरा कराने में पुलिस प्रशासन फेल रहा। वहीं प्लानिंग में भी कमी देखने को मिली। यही कारण रहा कि समितियों को प्रशासन द्वारा तय रूट को पूरा करने में दस घंटे तक का समय लग गया। इसके अलावा रूट पर तार के जंजाल ने भी समितियों को काफी परेशान किया।

हालांकि अपने इतिहास के तहत राजनांदगांव की गणेश समितियों ने इस बार भी आकर्षक और मनमोहक चलित झांकियां तैयार की थी। ऑपरेशन सिंदूर, नागलोक, खाटू श्याम, हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाना, नरसिंह अवतार, छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव, रावण का इंद्रलोक युद्ध जैसे विषय शामिल थे। इन झांकियों को देखने हजारों की संख्या में लोग भी शहर पहुंचे थे। रात आठ बजे से ही झांकी रूट पर लोगों का जुटना और अपना स्थान आरक्षित करने का दौर शुरू हो गया था।



**यह व्यवस्था बिगड़ी** पुलिस महकमे ने पिछले एक पखवाड़े से झांकी की रात को लेकर अपनी तैयारियां की थी, लेकिन इसके बावजूद पुलिस की प्लानिंग झांकी की रात फेल नजर आई। अफसरों और पुलिस जवानों की तैनाती तो शहर में की गई थी, लेकिन कहीं भी पुलिस जिम्मेदारी से झांकियों को आगे बढ़ाने एवं नशे में बदमाशी करने वालों पर सख्त नजर नहीं आई।

**झांकी आगे बढ़ाने में असफल :** पिछले साल भी यह देखने को मिला था कि पहले कुछ स्थानों में रहने वाली झांकी समितियां अपनी रफ्तार धीमे कर देती है। जिसकी वजह से पीछे की झांकियों को जाम होना पड़ता है। इस बार ऐसा लगा था कि पुलिस महकमा और जिला प्रशासन इस पर फोकस करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आलम यह था कि कामठी लाइन में दो झांकियों के बीच सौ से डेढ़ सौ मीटर तक फासला था, जिसे दूर करने में पुलिस नाकाम रही।

**चौराहों पर सुस्त मूवमेंट:** प्रशासन द्वारा तय रूट में चार मुख्य मोड़ थे। इनमें मानव मंदिर चौक, भारत माता चौक, सुरजन गली और तिरंगा चौक शामिल था। इन मोड़ पर झांकियों को मोड़ने की रफ्तार काफी धीमी रही। हालत यह था कि आधे से पौन घंटे तक का समय मोड़ने में लग गया। पुलिस प्रशासन के पास ऐसी कोई एक्सपर्ट टीम ही नहीं थी, जो मूवमेंट को तेज करा पाती।

**तार नहीं हटाया, बना बाधा:** झांकी रूट पर बड़ी संख्या में तार भी थे, उनको हटाने की मांग भी समितियों द्वारा की गई थी, लेकिन समय पर प्रशासन और बिजली महकमे ने इस पर ध्यान नहीं दिया। जिसका कारण रहा कि झांकी की रात समितियों को तार हटाने में ही अपनी ऊर्जा लगानी पड़ी। कई तार भी इस दौरान टूटे।

# विसर्जन के दौरान पुलिस रही अलर्ट, की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के श्रीगणेश विसर्जन झांकी के दौरान पुलिस अलर्ट मोड़ पर रही। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने जहां तीन दर्जन असामाजिक तत्वों को पकड़कर कार्रवाई की गई। वहीं चाकू लेकर घूम रहे आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की गई है।

श्रीगणेश विसर्जन झांकी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा प्रमुख चौक-चौराहों में हो हुडदंग कर उत्पात मचाने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा मौका पहुंचकर अनावेदकगण के. तरूण राज 23 साल, हीरा जगत 37 साल, राहुल तांडी 22 साल, विक्की निवारे 21 साल, दुर्गेश जगत 22 साल, सूरज पाठक 19 साल, पंकज यादव 25 साल, संतोष तांडी 22 साल, संजय मंडावी 30 साल को समझाईश देने का प्रयास किया गया, किन्तु मरने-मारने, पीटने पर आमदा हो गए। संज्ञेय अपराध घटित होने की स्थिति निर्मित होने पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधित करने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

इसी दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि पुराना बस स्टैंड बजरंग होटल के पास एक व्यक्ति धारदार चाकू लेकर दहशत फैलारहा है कि सूचना पर मौका पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी उदित जगने 20 साल के कब्जे से एक धारदार चाकू जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

### अशांति फैलाने वालों पर कार्रवाई

इधर बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 सितंबर को गणेश विसर्जन झांकी के दौरान मुखबीर सूचना के आधार पर चाकू लेकर लोगों को भयभीत करने वाले 2 आरोपी कुलेश्वर यादव उम्र 24 व सैम्यू पीटर उम्र 21 धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई किया गया एवं झॉकी के दौरान हो-हुल्लड एवं अशांति फैलाने वाले 26 अनावेदक विक्रम सिंह मंडावी उम्र 21, निलेश साहू 24, पंकज यादव उम्र 22, प्रीतम यादव उम्र 26, शिवम रजक ⏩ शेष पेज 12 पर

# पुतला दहन के दौरान अग्निशामक पावडर का उपयोग, बिफरे कांग्रेसियों ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जगदलपुर के सर्किट हाउस में एक संविदा दिव्यांग कर्मचारी के साथ मारपीट और गाली-गलौज के आरोप में घिरे मंत्री केदार कश्यप का आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय जयस्तंभ चौक में पुतला जलाया गया। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते उनसे इस्तीफे की मांग की।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंत्री केदार कश्यप के पुतला दहन का आयोजन किया गया था। इस दौरान कांग्रेसियों ने स्थानीय जयस्तंभ चौक में पुलिस और अग्निशमन टीम को चकमा देते मंत्री केदार कश्यप का पुतला दहन कर दिया। कांग्रेस द्वारा पुतला दहन किए जाने की जानकारी मिलने पर पहले ही अग्निशमन वाहन जयस्तंभ चौक पर आकर खड़ी हो गई थी। वहीं पुलिस जवान भी तैनात कर दिए गए थे, तभी जयस्तंभ चौक से पहले ही कुछ दूरी पर कांग्रेसी जलता हुआ पुतला लेकर सड़क पर आए। इस पुतले की आग बुझाने के लिए दमकल कर्मचारी भी दौड़े और फायर सिलेंडर से पुतले की आग बुझाना शुरू कर दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के ऊपर ही अग्निशामक पावड़र का छिड़काव हो गया । जिससे एक कार्यकर्ता के आंख और नाक में पावडर चला गया। जिसके बाद कार्यकर्ता ने आंखों में जलन की शिकायत की। वहीं अग्निशमन पावडर ⏩ शेष पेज 12 पर

### कार्यकर्ता टारगेट

पावडर का छिड़काव किया जाने पर कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने अग्निशामक सिलेंडर उठाकर सड़क पर पटक दिया । जिसके बाद नगर सेना के जवानों ने मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दी।

### कांग्रेस ने की निंदा

पुतला दहन के आयोजन को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के साथ मंत्री द्वारा मारपीट किया जाना काफी निंदनीय है। ऐसी घटनाक्रम कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।

## उल्लास अभियान के तहत असाक्षर लोगों को बनाया जा रहा साक्षर, टॉप 4 में जिला

# हर साल दस हजार से अधिक लोगों को सिखा रहे अक्षर ज्ञान, एक हजार वॉलिंटियर शिक्षक मुफ्त में दे रहे सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साक्षरता दिवस विशेष

जिले में असाक्षर लोगों की संख्या में कमी लाने और अधिक से अधिक लोगों को अक्षर ज्ञान कराने का जिम्मा जहां सरकार ने उल्लास योजना के तहत लिया है। वहीं इस योजना को जमीन पर सफल बनाने का काम वह लोग कर रहे हैं, जिन्हें इसके बदले कोई मानदेय या भुगतान भी नहीं हो रहा है। अपने आसपास के क्षेत्र के लोगों को अक्षर ज्ञान कराने का जिम्मा हर साल एक हजार से अधिक ऐसे वॉलिंटियर शिक्षक उठा रहे हैं। यह वॉलिंटियर शिक्षक सालभर अपनी सेवाएं देकर साक्षरता के इस अभियान को सफल बना रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव जिला उल्लास योजना के क्रियान्वयन मामले में प्रदेश में चौथे स्थान पर चल रहा है।



उल्लेखनीय है कि उल्लास यानी समाज में सभी के लिए आजीवन शिक्षा की समझ योजना 2022-2027 के लिए भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना है। जिसका उद्देश्य औपचारिक स्कूली शिक्षा से वंचित 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों को आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक प्रशिक्षण और बुनियादी और सतत शिक्षा प्रदान करना है। राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में जिले के 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे शिक्षार्थी जिन्होंने उल्लास केन्द्र में 200 घंटे में उल्लास प्रवेशिका के सात अध्याय पूर्ण किए हो, शिक्षार्थी जिनका पूर्व में पढ़ना-लिखना अभियान अंतर्गत प्रमाणीकरण नहीं हुआ है, जो मोहल्ला साक्षरता केंद्र में पढ़ाई किए हो अथवा जो बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वह परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

### स्कूलों में परीक्षा

परीक्षा के लिए पंजीयन के आधार पर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के वार्ड वॉर आंकलन में सम्मिलित होने वाले शिक्षार्थियों की सूची तैयार की जाती है। संबंधित ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय के वार्ड के नजदीक वाले शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाकर परीक्षा का आयोजन होता है। इस साल मार्च महीने में भी परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें करीबन दस हजार लोग शामिल हुए थे।

### चार श्रेणी में परिणाम

उल्लास परीक्षा में मिले अंक के आधार पर उन्हें क, ख, ग और घ जैसी चार श्रेणी वाला नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूल से प्रमाण पत्र मिलता है। कमजोर श्रेणी में आने वाले लोग दोबारा परीक्षा देकर अपनी श्रेणी में सुधार भी कर सकते हैं।

### हर 10 पर एक शिक्षक

मिली जानकारी के अनुसार हर दस असाक्षर लोगों की ट्रेनिंग के लिए एक वालंटियर शिक्षक की तैनाती की जाती है। यह शिक्षक प्रदेश स्तर से आने वाली उल्लास अभियान की किताब के अनुसार ही ट्रेनिंग देते हैं। जिले में इस अभियान के तहत बड़ी संख्या में महिलाएं अपने आपको साक्षर बनाने का काम कर रही है। इसके अलावा बुजुर्ग हो चुके लोग भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरो सर्जन

डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
- ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
- हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क में पानी भरना) • गर्दन या कमर दर्द
- डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
- ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
- ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसों में गुब्बारा बन जाना)
- ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
- विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, बिरवली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### व्याख्याता ने कराया न्योता भोज

**जेवरतला रोड।** व्याख्याता चंद्रमणी वासनिक ने शिक्षक दिवस और अपने जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक शाला टटेंगा में न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों को खीर, पुड़ी, सब्जी, चांवल, दाल, पापड़, अचार, सलाद खिलाया गया। शिक्षक दिवस के मौके पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों का सम्मान किया गया। बच्चों ने चन्द्रमणी वासनिक व्याख्याता हायर सेकंडरी स्कूल टटेंगा का सम्मान श्रीफल, पेन, बुके देकर किया। इसी तरह रामदीन देवांगन, लिखन सर्पा, खोमिन साहू, संजय साहू, लीलेन्द्र देवांगन, लिकेश्वरी भंडारी आदि का सम्मान किया गया।



### कबड्डी स्पर्धा का आयोजन

**डोंगरगढ़।** बागरेकसा में गत दिनों एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लाल बहादुर नगर के नगर अध्यक्ष देवेन्द्र साहु एवं मनोज कांडे थे। अध्यक्षता रामाधार ओझा ने की। विशिष्ट अतिथि हेमलाल वर्मा, ढालचंद मेश्राम, पवन कुमार नंदेश्वर, शत्रुहन उइके, सुनील दुधनाग, गुरूदयाल चंद्रवंशी, दुर्गेश सेन थे। इस दौरान अतिथियों ने आयोजन पर खुशी जाहिर करते हुए खेल को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजन करने प्रेरित किया।



### मवेशियों को बांधा रेडियम बेल्ट

**डोंगरगढ़।** अछोली में सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन के तहत सड़कों पर विचरण कर रहे गौ माता को महंत लीलादास, महंत मंथीरदास, महंत चमन दास की अगवाई में तहसील प्रतिनिधि मोहरदास, अनुपदास, योधनदास साहू एवं महिला सदस्यों ने रेडियम पट्टी लगाया ताकि वाहनों की चपेट में आने से बचाया जा सके।



### कबड्डी सिखाती है जीने की कलाः गांधी

**डोंगरगढ़।** बागरेकसा में युवा समिति ने दो दिवसीय कबड्डी टूनामेंट का आयोजन किया। इस टूनामेंट में छतीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तरप्रदेश के खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूनामेंट में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कबड्डी हमे अनुशासन में रहकर जीवन जीने की कला सिखाती है। कबड्डी हमें कठिनाई आने पर एकाग्रता से सँगठित होकर सामना करने की सीख देती है। कार्यक्रम में जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू, थनवार मंडावी, अशोक नेताम, डालचंद मेश्राम, सुनील दुधनाग, गोवर्धन बानवर, बीरा कंवर सहित अन्य शामिल हुए।



### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मांग

**लाल बहादुर नगर।** नगर पंचायत मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने से नगर एवं क्षेत्रवासियों को इलाज कराने के लिए राजनांदगांव अथवा डोंगरगढ़ जाना पड़ता है। लोगों की परेशानी को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू ने पूर्व प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की दिशा में प्रयास करने का आग्रह किया था।गत 6 सितंबर को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के राजनांदगांव प्रवास के दौरान श्री वर्मा एवं श्री राजपूत ने नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने निवेदन किया, जिसे स्वीकार करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य सचिव को आगामी बजट में प्रस्तुत करने निर्देशित किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री साहू, उपाध्यक्ष छबीधर साहु, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, हेमलाल वर्मा एवं कैलाश ऊके आदि ने स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल सहित श्री वर्मा एवं श्री राजपूत का आभार व्यक्त किया है।



### जीएसटी में बदलाव का स्वागत

**अंबागढ़ चौकी।** जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने जीएसटी परिषद की बैठक में आम आदमी के हित में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों का स्वागत किया है। उन्होंने इन फैसलों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों से दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुएँ, स्वास्थ्य सेवाएँ और कृषि से जुड़ी चीज़ें सस्ती होगी जिससे सभी वर्गों को राहत मिलेगी। जीएसटी में सुधार के तहत दैनिक उपयोग की वस्तु जैसे साबुन, टूथपेस्ट, शैंपू और आदि के दाम कम होंगे। जीवन रक्षक दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी में कमी की गई है। पेंसिल, कॉपी और अन्य स्टेशनरी पर भी टैक्स घटाया गया है। जीएसटी दरों में कमी आने से कृषि उपकरण जैसे ट्रैक्टर और सिंचाई के सामान के दाम कम होंगे। इसी प्रकार छोटी कारों, दोपहिया वाहनों, एसी और टीवी के दाम में कमी आएगी।



### बस स्टैंड में भंडारा का आयोजन

**खड़गांव।** बस स्टैंड में व्यापारी संघ गणेश उत्सव समिति ने विशाला भंडारा का आयोजन किया। आयोजन मे समिति के अलावा आमजनों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा के आयोजन में चंदू महाराज, लक्ष्मण, भीखम रावटे, बब्बू देवांगन, संतोष पटवा, तोमन साहू, चाहत तंबोली, देवेन्द्र गुप्ता, लक्की गुप्ता आदि ने भरपूर सहयोग दिया।



### दूषित जल के सेवन से फैला डायरिया

# अब चिल्हाटी में डायरिया का कहर तीन दिन 27 लोग पहुंचे अस्पताल

## घर-घर दवाई बांट रहा स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

विकासखंण्ड के ग्राम चिल्हाटी के वार्ड 8 में डायरिया फैला हुआ है। दूषित जल के सेवन से कई लोग बीमार है। उल्टी दस्त से पीडित 15 ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। सीएचसी में भर्ती सभी मरीजो की हालत खतरे से बाहर है। गांव में डायरिया को रोकने के लिए घर- घर दवाई बांटी जा रही है। वही दूषित जल की आपूर्ति को रोकने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा पाईप लाईन को दुरूस्त किया जा रहा है।

चिल्हाटी के वार्ड 8 में शुक्रवार से उल्टी दस्त का प्रकोप है। यहां से हर दिन नए मरीज सामने आ रहे है। मरीजों का प्राथमिक उपचार चिल्हाटी के पीएचसी में किया जा रहा है जबकि गंभीर रूप से बीमार मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंबागढ चौकी लाया गया है। शुक्रवार को उल्टी दस्त से गंभीर रूप से पीडित 9 मरीजों को सीएचसी अंबागढ चौकी में भर्ती कराया गया था जबकि शनिवार को चार अन्य को भर्ती कराया गया है।



#### सब खतरे से बाहर

बीएमओ डॉ आरआर ध्रुवे ने बताया कि चिल्हाटी में फिलहाल डायरिया नियंत्रण में है। उन्होने बताया की सीएचसी में भर्ती सभी मरीजों की स्थिति खतरे से बाहर है। यहां इलाज के लिए लाए गए आधे से ज्यादा मरीजों को स्वस्थ होने के बाद छुटटी दे दी गई है। वर्तमान में मात्र चार पांच रोगी ही भर्ती है जो सोमवार तक स्वस्थ हो जाएंगे।

#### चिल्हाटी में स्टाफ की कमी

जानकारी के अनुसार चिल्हाटी में कई वर्षों से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है। एक चिकित्सक का पद स्वीकृत है लेकिन वर्षों से डाक्टर ही नहीं है। आरएमए मौजुद है लेकिन संविदा में होने के कारण वह वर्तमान में हड़ताल पर है। एनआरएचएम के हडताल के चलते भी व्यवस्था गड़बड़ा गई है। स्टाफ की कमी के कारण डायरिया के मरीजों को अंबागढ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार चिल्हाटी के 27 मरीजो को सीएचसी चौकी में भर्ती कराया गया है। बीएमओ ने बताया कि यहां पर डायरिया के रोकथाम के लिए तीन पालियो में प्र्याप्त कर्मचारियो की डयूटी लगाई गई है जो हालात पर नजर रखे हुए है। प्रभावित घरों में पहुंचकर दवाई बांट रहे है।

## विधायक ने भ्रमण कर लिया बाजार का जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- घुमका नगर को प्रगतिशील बनाने का आह्वान, कांग्रेसजनों की बैठक संपन्न

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने घुमका में कार्यकर्ताओं की बैठक लिया। बैठक में विधायक ने कार्यकर्ताओं से कहा कि घुमका को आदर्श नगर पंचायत बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। बैठक के बाद विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ बाजार भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों और नागरिकों से बात कर उनकी समस्याओं को जाना। विधायक ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। बाजार भ्रमण के दौरान सड़क और पानी की निकासी की समस्या प्रमुखता से सामने आई। इस लापरवाही पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि शीघ्र ही व्यवस्थित करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान केके दुबे, खेमचंद वर्मा, प्रहलाद यादव, फूलमती वर्मा, पीयूष दुबे, गौरव शर्मा, जयकुमार वर्मा, कैलाश शर्मा, बीरेंद्र दुबे, बांकेलाल श्रीवास, राकेश वर्मा, ओमकार वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, शेखर देवांगन, नेमदास साहू, जितेंद्र साहू, गीतालाल वर्मा, शिवकुमार, डेरहा वर्मा, संजय साहू, दानीराम, दौलत देवांगन, ईश्वर वर्मा, सेवक वर्मा, केशव सेन, भारत वर्मा, बीएस श्रीवास, लोचन निर्मलकर, महारा पाटिल, खिलेश राजपूत आदि मौजूद थे।

## छात्र छात्राओं ने सीखा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पीएम श्री योजना अंतर्गत पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में एक से 6 सितंबर तक आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, यूजिंग पाइथन विषय पर तकनीकी इंटर्नशिप कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर ने किया। यह इंटर्नशिप वर्तमान युग की आवश्यकता एवं भविष्य की दिशा को दर्शाता है। इसमें विद्यार्थियों को उन्नत तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों ने उल्लास के साथ भाग लिया। उन्होंने सैद्धांतिक ज्ञान अर्जित करने के साथ कोडिंग द्वारा प्रायोगिक अनुभव प्राप्त किया। प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर्स अनूप भेंडारकर और वासुदेव वर्मा थे। प्रोग्राम प्रभारी अनामिका सिन्हा ने विद्यार्थियों को सतत मार्गदर्शन और तकनीकी सहयोग दिया। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण में जो कुछ भी सिखा उससे आधारित पोस्टर एवं असाइनमेंट भी तैयार किया । प्रशिक्षण में कुल 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## विधायक निधि से रोड एवं भवन मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

विधायक इंद्रशाह मंडावी रविवार को मोहला विकासखंड की ग्राम पंचायत शेरपार के दौरे में रहे। इस दौरान माटकसा, अंगारा, शेरपार, बीटेझर एवं डालाकसा में ग्रामीणों से मुलाकात किया एवं चर्चा के बाद विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

ग्राम माटकसा में यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण और आंगनबाड़ी भवन, सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार ग्राम शेरपार में यात्री प्रतीक्षालय, लोक सेवा केंद्र एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन किया। ग्राम अंगारा में सामुदायिक भवन, बीटेझर में सीसी रोड निर्माण, डालाकसा में रंगमंच का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जया मंडावी, कनकराम चंद्रवंशी, पुनाराम गुनेंद्र, चेतन गुनेंद्र, रोहन पटेल, कंगलाराम सोरी, जीवनलाल कुमेटी, बहुरसिंह गोटी, धनसुराम कोरेटी, पहरसिंग मंडावी, सुकेल कल्ल, दुर्योधन साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## बच्चों के साथ गाली गलौज का आरोप, उठी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

स्कूल के शिक्षक अब छात्र छात्राओ के साथ लोगों से गाली गलौज एवं दुर्व्यवहार करने लगे है। मालडोंगरी के ग्रामीणो ने बीईओ से शिकायत की है कि प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक स्कूल अवधि में बच्चों के साथ एवं गांव वालों से दुर्व्यवहार तथा गाली गुप्तार करते है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रधानपाठक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

विकासखंड मुख्यालय से महज तीन किमी की दूरी पर स्थित ग्राम मालडोंगरी में संचालित प्राथमिक शाला की शाला विकास समिति के अध्यक्ष दरोगा नेताम, सदस्य इंदल साय, रामनाथ, मुंशीराम, अनुसुईयाबाई, ओमप्रकाश, दयालू कारेटी, रामकुमार, गनपतराम, सुभाष, कलेश, आनंदराम, जोहन, हीरसिंह, देवलूराम, उमराव, बेदलाल, राधिकाबाई, संजय, शोभीराम, रोहन, आत्माराम, छगनलाल, , गंगाराम, रमेशकुमार, अमरदास नेताम, राधिकाबाई, जंत्रीबाई आदि ने शिकायत करते हुए बताया कि प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक दो तीन माह से बच्चो के साथ गाली गलौज करते आ रहे है। वह स्कूल आते जाते रास्ते में ग्रामीणो से भी गाली गुप्तार करते हुए बात करते है जिससे वातावरण दूषित हो रहा है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत बीईओ से कर कार्रवाई की मांग की है।



#### शिकायत मिली

बीईओ एसके धींवर ने मालडोंगरी के ग्रामीणों की शिकायत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि प्रधानपाठक कुछ दिनों से अस्वस्थ है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रधानपाठक लंबी छुटटी पर चले गए हैं।

## कॉलेज के प्राध्यापकों का सम्मान

**घुमका।** रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय में रासेयो इकाई के तत्वावधान में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने शिक्षकों का सम्मान किया। प्राचार्य डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी ने राधाकृष्णन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालने के साथ गुरु-शिष्य संबंधों के बारे में बताया। सहायक प्राध्यापक प्रीति खुरशैल ने कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासित रहने का संदेश दिया। इसी क्रम में दीपक वर्मा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी भारतेंदु प्रसाद वर्मा, सुबोध वर्मा ने संबोधित किया। संचालन नूतन साहू एवं आभार प्रकट विक्रम देशलहरे ने किया। कार्यक्रम में डॉ. मीरा देवांगन, सोम कुमारी, देवानंद बंदे, नीतू देवांगन, विनोद वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, कौशिकी साहू, योगिता बंजारे, मधु साहू, चंद्रप्रकाश साहू, भारती पटेल, ऐश्वर्या खिलाड़ी, धानेश्वर साहू सहित अन्य शामिल हुए।



## बच्चों ने जुलूस निकालकर किया प्रतिमा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- शिशुमंदिर में दस दिनों तक हुई पूजा अर्चना

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थापित गणेश प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। प्राथमिक विभाग, मिडिल, हाई और हायर सेकेंडरी विभाग के बच्चों ने धूमधाम से पूजा अर्चना किया। यज्ञ हवन के बाद विसर्जन झांकी निकाला गया। झांकी मुख्य मार्ग से होते हुए महावीर तालाब गई और प्रतिमा विसर्जन किया गया। इस दौरान साई साहू, आकाश महोबिया, प्रवीण वर्मा, आदित्य धनकर, प्राची देवांगन, वर्षा ऊईके, सौम्या साहू, प्राचार्य प्रकाश यादव, जागेश्वर निषाद, सुरेश वैष्णव, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल ,पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागमोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका आदि मौजूद थे।



### गांव में रहा उत्साह का माहौल

# करेठी में ईद मिलादुन्नबी की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी

ग्राम करेठी में ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस बार यह इसलिए भी खास था क्योंकि पैगम्बर मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम का 1500वाँ सालां जश्ने विलादत था। समाज के नूरे मुहम्मदी यंग कमेटी के जानिब से एक दिन पहले तकरीर और आम लंगर का प्रोग्राम रखा गया था जिसमें राजनांदगांव के हाजी मुहम्मद शाहिद रज़ा क़ादरी साहब की तकरीर हुई। उन्होंने हुज़ूर की सुन्नतों के बारे में रौशनी डाली। समाज के सदर अय्यूब खान द्वारा नारे तकबीर...अल्लाहु अकबर के नारे के साथ जुलूस की शुरुआत की गई। जुलूसे मुहम्मदी करेठी जामा मस्जिद से होते हुए बड़भूम, खुज्जी से वापस जामा मस्जिद करेठी लौटी । मस्जिद के पेश ईमाम मुहम्मद असलम रज़ा साहब ने परचम कुशाई की रस्म अदा की। इसके बाद नमाजे जुमा अदा हुई। कार्यक्रम में यंग कमेटी के सदर जनाब अकरम खान, सुल्तान खान, मुहम्मद सादिक कुरैशी, शेख अज़हर, साजिद खान, हासम खान, अल्ताफ खान, कासिम खान, तालिब खान, मुहम्मद अदब कुरैशी, तहज़ीब कुरैशी, रिहान खान, आशु खान, मुश्ताक खान, इसरार खान, दिलावर खान, जाहिर खान का सहयोग रहा।



## पौधरोपण कर किया शिक्षकों का सम्मान



**तुमडीबोड।** संकुल केन्द्र पेंडरवानी में जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के सचिव सतीश कोठारी और पूर्व सरपंच जीवनलाल पटेल ने कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षकों को श्रीफल और पौधे भेंट किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक मंगलाचरण से हुआ। तत्पश्चात स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। शिक्षकों ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रधानपाठक जीवनलाल साहू, टेमनदास साहू, श्री टंडन, धनंजय सलामे, यशवंत साहू, बीरेंद्र, तोरण निषाद, राजेश मौजूद थे। अंत में सतीश कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202508091900026**

विषय : ब-121 मामले की श्रेणी : राजस्व सन : 2024-2025

अर्जुनी प. ह. न. 00032 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण -

आवेदक पक्षकार - भानू प्रताप साहू

अनावेदक पक्षकार -

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भानू प्रताप साहू आ. बुधराम दास साहू निवासी ग्राम अर्जुनी, तहसील डोगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदक अपने दादी देवन्तीन बाई साहू का मृत्यु दिनांक 12.08.1998 को ग्राम अर्जुनी, तहसील डोंगरगांव में हुआ है, भूलवंश स्थानीय रजिस्टार के पास दर्ज नहीं कराया गया। आवेदक अपने दादी देवन्तीन बाई साहू का मृत्यु तिथि दर्ज किये जाने स्थानीय रजिस्टार को आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन मय अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08-09-2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/08/2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर)

तहसीलदार
डोंगरगांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### युवा मोर्चा अध्यक्ष का भव्य स्वागत

**अंबागढ़ चौकी।** प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के प्रथम आगमन पर मोर्चा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। अध्यक्ष पद संभालने के बाद यह उनका पहला दौरा था। प्रदेश अध्यक्ष का काफिला के शहर में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूलों की मालाएँ पहनाकर जमकर नारे लगाए। स्वागत समारोह में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने में कार्यकर्ताओं के अनुभव और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाएँ।

### फिर आने का न्योता के साथ प्रतिमाएं विसर्जित



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में गणेश पर्व उल्लास एवं धार्मिक माहौल में मनाया गया। अंचल के लोगों ने श्रद्धा के साथ श्रीगणेश की पूजा अर्चना किया। समिति एवं बहुत से घरों में विघ्नहर्ता की प्रतिमा स्थापित किया गया था। मंच स्थल पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। शनिवार को सभी जगह विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। पूर्ण आहूति के बाद प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ। कही गाजे बाजे, तो कही पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। अगले बरस आने का वादा लेकर जयकार के साथ श्रीगणेश को विदाई दी गई।

### डॉ. विधा सिंह की प्रस्तुति में झूमे लोग



**छुईखदान।** अनंत चौदस के अवसर पर पुराने पुलिस थाना चौक में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायिका डॉ. विधा सिंह ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। उनके मंच संभालाते ही समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय समिति के संजीव दुबे, आदित्यदेव वैष्णव, शरद श्रीवास्तव, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, ऋतुराज महोबिया, अनुराग सोनी, स्वप्निल वैष्णव, नीलेश गुप्ता, सागर महोबिया, शैव्या वैष्णव ने किया था। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास के पंडाल पहुंचते ही लोग खुशी से पंडाल झूम उठे। उन्होंने समिति के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. विधा सिंह ने एक के बाद सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जिन्हे सुनकर श्रोता झूमने लगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## विस अध्यक्ष और लोक स्वास्थ्य मंत्री ने प्रतिमा स्थापना के लिए किया भूमिपूजन

# 2 करोड़ 69 लाख की लागत से ट्रामा सेंटर का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शनिवार को भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव परिसर में 2 करोड़ 69 लाख 74 हजार रुपए की लागत के ट्रॉमा सेंटर एवं 28 लाख 22 हजार रुपए की लागत से भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन किया।

उल्लेखनीय है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव परिसर में 28 लाख 22 हजार रुपए की लागत की भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 7 फीट आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर राजनांदगांव में 2 करोड़ 69 लाख 74 हजार की लागत से ट्रॉमा सेंटर का निर्माण किया जाएगा। ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य (दो तल) भू-तल एवं प्रथम तल में बनाया जाएगा। ट्रॉमा सेंटर में 22 बिस्तर के वार्ड प्रावधानिक हैं। इस ट्रामा सेंटर के भूतल में माईनर ओटी, आईसीयू, ईसीजी, यूसीजी एवं 2 ओपीडी कक्ष रहेगा। प्रथम तल में 2 ओटी, पोस्ट ऑपरेटिव एवं प्री-ऑपरेटिव कक्ष भी होगा। भूतल से प्रथम तल जाने के लिए लिफ्ट एवं रैम्प बनाया जाएगा।

इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव, सीजीएमएससी अध्यक्ष दीपक मस्के, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, रमेश पटेल, कुलेश्वर ध्रुव, पुखराज बाफना, भावेश बैद, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. पंकज लुका, अधीक्षक मेडिकल कॉलेज अस्पताल डॉ. अतुल देशकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, चिकित्सा महाविद्यालय के डॉक्टर्स एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।






### सीटी स्कैन मशीन का किया लोकार्पण

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह तथा लोक स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव परिसर में 12 करोड़ 5 लाख 92 हजार 500 रुपए की लागत के सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण किया। उल्लेखनीय है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव परिसर में सीटी स्कैन मशीन लगने से जनसामान्य के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। इस मशीन से मरीजों को त्वरित एवं सटीक जांच सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए मॉडल का अवलोकन किया। जिसमें तुरंत ओपीडी के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही सीटी स्कैन मशीन, एक्स-रे मशीन, सोनोग्राफी मशीन, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं अन्य विभाग द्वारा रूचिकर मॉडल के माध्यम से नागरिकों को जानकारी प्रदान की गई।

## मानव की प्रथम गुरु मां होती है



**खैरागढ़।** ब्लाक के भूलाटोला स्थित नेशनल स्कूल ऑफ एजुकेशन में शिक्षक सम्मान समारोह सेनि ग्रंथपाल के लाल जेके वैष्णव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ उमेंद चन्देल और शाला संचालक मनोहर सोनवानी थे।

मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन, अतिथियों के स्वागत बाद मुख्य अतिथि लाल जेके वैष्णव ने कहा कि मानव की प्रथम गुरु मां होती हैं। मां जन्म के बाद चलना, पढन्ना, मानव मूल्य संस्कारों को सिखाती हैं जिसके बाद स्कूल और कालेज मे अन्य विषयों का ज्ञान शिक्षकों लेकर जीवन को सांवरते है। डॉ उमेंद चंदेल ने नैतिक शिक्षा मूल्यों को आवश्यक बताते हुए गीत के माध्यम से सरल भाषा में शिक्षक के गुणों पर बात रखी और कहा कि शिक्षक दीपक की तरह जलकर ज्ञान के अंधकार को मिटाता है। स्कूल संचालक मनोहर सोनवानी ने शिक्षकों के परिश्रम की तारीफ करते हुए कहा कि पालक व शिक्षक दोनों के आवश्यक तालमेल से ही विद्यार्थी सफलता प्राप्त करता हैं। कार्यक्रम संचालक नीलम भारती ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवन वृत्त की जानकारी देते हुए वर्तमान शिक्षा प्रणाली, वैज्ञानिक पद्धति से शिक्षा ग्रहण करने संचार क्रांति के माध्यम का उपयोग कर आगे बढन्ने प्रेरित किया। समारोह में अतिथियो को शाला परिवार ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर पुष्पा तिवारी, रीमा महोबिया, प्रियंका सेन, प्रीति निषाद, अंजू गोस्वामी, दिव्या महोबे, मधु वर्मा, प्रमोद बंजारे, प्रियंका उके सहित बड़ी संख्या मे पालक व बच्चे मौजूद थे।

### अवैध रूप से बेच रहा था कच्ची शराब, पकड़ाया

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से घर के परछी में कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बागनदी पुलिस द्वारा 6 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम घोरतलाव गोंडपारा निवासी मुकेश कोर्राम द्वारा अपने घर के सामने परछी में मात्रा से अधिक कच्ची महुआ शराब रखकर अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु शराब बिक्री कर रहा है। मुखबीर सूचना पर पुलिस ने रेड कार्रवाई कर आरोपी मुकेश कोर्राम 37 वर्ष निवासी ग्राम घोरतलाव को अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के कब्जे से दो पीले रंग के 5 लीटर वाले प्लास्टिक डिब्बा में 5-5 लीटर कुल 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2000 रुपए, एक नग स्टील का गिलास एवं एक पैकेट में पॉलिथीन जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## डिप्टी सीएम पहुंचे पंडाल, किया राजा का दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कबीरधाम से राजनांदगांव जाते समय उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने फतेह मैदान मेन गेट पास गणेश पंडाल में पहुंचकर खैरागढ़ के राजा का दर्शन किया और प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव केवल धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति की गहरी आस्था का प्रतीक है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गणेशोत्सव जैसे पर्व भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। यह समाज को एकजुट करने का माध्यम बनते हैं और आने वाली पीढ़ी को हमारी परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की खुशहाली, नागरिकों की उन्नति और समाज में भाईचारे की भावना का प्रसार ही गणेश उत्सव का वास्तविक संदेश है। उन्होंने गणपति बप्पा की कृपा सब पर बने रहने और हर घर में सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। इससे पहले खैरागढ़ पहुँचने पर उपमुख्यमंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू, टीके चन्देल, गिरजा चंद्राकर, विनय देवांगन, आयश सिंह बोनी, नीलिमा गोस्वामी, आलोक श्रीवास, शशांक ताम्रकार, अनीश सिंह, रूपेंद्र रजक, संजय शर्मा, मोनिका रजक, महेश गिरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शताक्षी ने निभाया वादा, सड़क पर नहीं बहेगा गंदा पानी

### आर्यव्रत सिंह ने कहा वादा निभाना परिवार की पंरपरा



भूमिपूजन कार्यक्रम में राजा आर्यव्रत सिंह ने कहा कि क्षेत्रवासियो ने हमेशा परिवार पर भरोसा जताया है। इसी विश्वास को सबसे बड़ी ताकत मानकर विकास कार्यों में किसी तरह की कमी नहीं आने देंगे। वादा करना और उसे पूरा करना परिवार की पंरपरा है। जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने कहा कि नाली निर्माण कार्य शुरुआत है। आने वाले समय में और विकास कार्य होंगे, जिससे क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। सरपंच तेजराम वर्मा ने पूर्व सांसद स्व राजा देवव्रत सिंह को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने कामठा से बीजलदेही को जोड़ने वाले 15 करोड़ रुपयो की लगात वाला उच्च स्तरीय पुल तैयार कराया था। आज पुल क्षेत्र की लाइफ लाइन बना हुआ है और इसकी वजह से गांव और आसपास के क्षेत्रों का विकास संभव हुआ है। इस दौरान जनपद सदस्य निर्मला उमेश वर्मा, पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा, नित्यशरण सिंह, शत्रुघ्न वर्मा, सतीश वर्मा, नरेंद्र वर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने चुनाव के दौरान सड़क पर बहते गंदे पानी से निजात दिलाने बीजलदेही वालों की मांग पर पहले मुहर लगाया और नाली निर्माण का भूमिपूजन किया। बीजलदेही का वार्ड दस लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहा था।

नाली नही होने के कारण घरोसे निकला गंदा पानी चौबीयसो घंटे सड़क पर बहता था और बारिश के दिनों में चलना दूभर हो जाता था। बदबू और मच्छर से परेशान वार्डवासियों ने जिपं चुनाव के दौरान प्रचार के लिए पहुँची शताक्षी सिंह को इस विकट समस्या से अवगत कराया जिसके बाद जिपं निधि से नाली निर्माण की स्वीकृति दिलाने के बाद नाली काम शुरू करने उन्होंने भाई आर्यव्रत सिंह के साथ भूमिपूजन किया। जिसके बाद भाई आर्यव्रत सिंह के साथ आधा दर्जन गांवों में स्थापित गणेश प्रतिमा की आराधना की। इस दौरान ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिया।

## मदरसा गुलशन-ए-रज़ा में अजीमुश्शान तकरीर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ईद मिलादुन्नबी के मौके पर 13 रबी-उल-अव्वल को शहर के मोतीपुर रामनगर क्षेत्र के ताज नगर स्थित मदरसा गुलशने रजा में तकरीर और लंगर का प्रोग्राम किया गया। इस तकरीर में उत्तरप्रदेश के रामपुर से पहुंचे हजरत रियासत नूरी ने आका सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में बहुत ही खूबसूरत तकरीर पेश की। इस दौरान मदरसा परिसर नारे तकबीर से गूंजता रहा।

मदरसा गुलशने रजा में हर साल की तरह इस साल भी बच्चों का नातिया प्रोग्राम, तकरीर और लंगर का अहतमाम किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। वहीं तकरीर के प्रोग्राम में शहर के जामा मस्जिद इमाम हाफिज कासिम रज़ा, हनफ़ी मस्जिद इमाम हाफिज युसूफ रज़ा, शाहे मदीना मस्जिद इमाम हाफिज अंसार, मोती मस्जिद इमाम हाफिज अहमद रज़ा, हाफिज हाजी सलीम रज़ा तहसीनी, हाफिज जाने आलम, हाफिज सोहेल हुसैन, हाफिज सईद और अब्दुल रहमान सहित उलेमा रौनक के स्टेज रहे।



### जहान में रहमत बनकर आए

यूपी से पहुंचे खातिबो इमाम रियासत नूरी ने हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की इस दुनिया में आमद और उनके करम को अपने तकरीर के माध्यम से बयां किया। उन्होंने अपनी तकरीर में कहा कि आका सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को हिंदुस्तान से काफी मोहब्बत थी। उन्होंने दुनिया में अमन, भाईचारा और शांति का पैगाम दिया। उन्होंने बताया कि किस तरह से हुजूर ने मानवता की भलाई के लिए काम किया। पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पूरी कायनात के लिए अल्लाह का करम और रहमत लेकर आए, इसलिए उन्हें रहमतुल आलमीन भी कहा गया।

### हुजूर की शान में नाते पाक

तकरीर के मौके रौनके स्टेज उलेमाओं ने हुजूर की शान में काफी खूबसूरत नाते पाक और दरूदो सलाम पेश किया। इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील, युसूफ सूफी, कायम खान, शेख सुभानी, नासिर खान, शेख सुलेमान, निजामुद्दीन, शेख उस्मान, इमरान, इरफान सूफी, सैयद अफजल अली, डॉ. इरशाद आलम, मोहम्मद सद्दाम खान, रुस्तम अंसारी सहित बड़ी तादाद में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए।

## दो प्रपा और सीएसी अनुपस्थित, नोटिस जारी

- डीईओ ने स्कूलों में किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने छुईखदान विकासखंड के दो स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान लापरवाही और अनुशासनहीनता के मामले सामने आए। सबसे पहले उन्होंने भरदागोंड पूर्व माध्यमिक शाला का दौरा किया। यहां तीन में से एक शिक्षक अनुपस्थित पाया, जिसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा शिक्षकों को डेली डायरी का संधारण नहीं करने पर चेतावनी दी गई। दोपहर 12 बजे जिला शिक्षा अधिकारी जंगलपुर पूर्व माध्यमिक शाला पहुँचे। यहाँ चार शिक्षक पदस्थ हैं। निरीक्षण में पाया गया कि प्रभारी प्रधान पाठक देवकुमार वर्मा और संकुल समन्वयक संजय राजपूत बिना पूर्व सूचना या आवेदन के अनुपस्थित थे। दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## विवि के संस्कृत विभाग में मना संस्कृत दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इन्दिरा कला संगीत विवि के संस्कृत विभाग द्वारा संकाय स्तर पर संस्कृत दिवस मनाया गया। आयोजन अध्यक्षता विभागाध्यक्ष संस्कृत एवं अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. मृदुला शुक्ल ने की। बीपीए द्वितीय वर्ष के छात्र चिराग यादव के भरतनाट्यम् शैली में नटराज नृत्य प्रस्तुत करने के बाद प्रश्नमंच हुआ।

विद्यार्थियों के पांच समूह निर्धारित कर प्रत्येक समूह का नामकरण संस्कृत साहित्य के प्रसिद्ध कवियों के नाम को आधार मान कर किया गया। प्रतियोगिता में भर्तृहरि समूह के समृद्धि तिवारी, पूजा सिंह ठाकुर, हर्षवर्धन उपाध्याय तथा आमीन साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भरतमुनि समूह के दुर्गादेवी शर्मा, समीरचन्द्र साहू, टिया वानखेड़े को द्वितीय, भवभूति समूह के प्रिया श्रीवास व वैष्णवी पांडेय को तृतीय स्थान मिला। डॉ चैनसिह नागवंशी और डॉ. मुजफ्फर हुसैन प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। डॉ कौस्तुभ रन्जन ने कहा कि संस्कृत एक विश्वव्यापिनी भाषा है। अंग्रेजी में संस्कृत के अनेक ग्रन्थों व उपनिषदो का अनुवाद किया गया है। डॉ. मंगलानंद झा ने प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उत्तरोत्तर कार्य करने प्रेरित किया।



### संस्कृत संस्कार देने वाली भाषा

कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो डॉ मृदुला शुक्ल ने कार्यक्रमों की बाद कहा कि संस्कृत मात्र पूजापाठ की भाषा नहीं है अपितु यह संस्कार देने वाली भाषा है। विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ पूर्णिमा केलकर ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान समृद्धि तिवारी, पूजा ठाकुर, प्रिया श्रीवास, विधि पटेल, सत्यम शर्मा, हर्षवर्धन उपाध्याय, खिलेश्वरी पटेल, दुर्गा शर्मा, आमीन साहू, विवेक वैष्णव, देवधर साहू, प्रियंका वर्मा, अतुल त्रिपाठी, नीलम श्रीवास्तव, ममता वर्मा, कुशल सुधाकर, चाँद शेख, शरद कुमार, सुस्मिता चौधरी सहित डॉ लक्ष्मी श्रीवास्तव डॉ प्रमोद पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

## नागार्जुन रत्न अलंकरण से सम्मानित होंगे शैलेश सोनी

- धमतरी जिले में होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धमतरी में आयोजित काय्रक्रम में जिले के छुईखदान ब्लाक में पदस्थ नवाचारी शिक्षक शैलेष सोनी को नागार्जुन रत्न अलंकरण दिया जाएगा। गौरतलब है कि कुरूद धमतरी की प्रतिष्ठित प्राकृतिक शिक्षक विज्ञान यात्रा संस्थान द्वारा हर साल शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है इस कड़ी में छुईखदान ब्लाक के बुंदेली संकुल अंतर्गत आने वाले नवागांव लोधी प्राथमिक शाला के नवाचारी शिक्षक प्रधानपाठक



शैलेश कुमार सोनी को नागार्जुन रत्न अलंकरण के लिए चयनित किया गया है। शिक्षकों की रचनात्मक कार्य, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रचार, विज्ञान प्रसार, प्रकृति संरक्षण और खेलकूद में शिक्षा जैसी गतिविधियों पर संस्थान चयन करता है इसी कड़ी में शैलेश सोनी का चयन उनके बहुआयामी योगदान के आधार पर किया गया है। शैलेष सोनी के अलावा पद्मावतीपुर पूमाशा मे पदस्थ शिक्षक और पुरैना प्राशा के प्रधानपाठक तुलेश्वर सेन को भी संस्थान द्वारा सम्मानित किया जाएगा।













**राजनांदगांव।** संस्कारधानी में परंपरानुसार भगवान श्रीगणेश की विसर्जन झांकी शनिवार की रात भव्य रूप से निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु ग्रामीण सहित शहरी इलाकों से शामिल हुए। सुबह के समय मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।


### गणेश विसर्जन के बाद सुबह से निगम के कर्मचारी रहे अलर्ट

# झांकी के बाद युद्ध स्तर पर सड़कों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रातभर विसर्जन झांकी की व्यवस्था में लगने के बाद भी नगर निगम की टीम ने शहर की सड़कों की सफाई की। इसके लिए स्वच्छता कमांडो के साथ नियमित सफाई कर्मचारियों ने युद्ध स्तर पर कार्य करते दोपहर 12 बजे से पहले ही शहर की सभी सड़कों की सफाई की।

राजनांदगांव के ऐतिहासिक गणेश पर्व के दौरान लाखों लोगों की उपस्थिति और बड़े पैमाने पर सड़क पर कचरा फैले होने को लेकर नगर निगम आयुक्त द्वारा सफाई कर्मचारियों को झांकी के तुरंत बाद ही शहर की सड़कों पर सफाई को लेकर निर्देश दिए गए थे। इस कार्य के लिए उन्होंने नियमित सफाई कर्मचारियों के साथ स्वच्छता कमांडो को भी जिम्मेदारी दी हुई थी। विसर्जन का सिलसिला समाप्त होते ही शहर की अलग-अलग सड़कों में 100 से अधिक सफाई कर्मचारी लगाए गए, जिन्होंने सड़कों की सफाई पूरी की।






#### बिखरा पड़ा था कचरा

स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर अंक हासिल करने वाले राजनांदगांव नगर निगम द्वारा अपनी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। देर रात झांकी के दौरान शहर की सड़कों पर पानी पाऊच से लेकर चिप्स और नमकीन के पैकेट बिखरे हुए थे। सुबह शहर की सड़कों की सफाई के लिए पहले ही स्वच्छता कर्मचारियों को निर्देशित कर दिया गया था।

#### आयुक्त ने किया निरीक्षण

विसर्जन झांकी के दूसरे दिन स्थानीय अवकाश घोषित होता है। ऐसे में सफाई कर्मचारी भी कार्य पर नहीं रहते थे। जिसके चलते विसर्जन झांकी के बाद सड़कों पर कचरा नजर आता था। इस वर्ष विसर्जन झांकी के साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था पर भी जोर दिया गया। एक तरफ झांकी की व्यवस्था की गई तो वहीं दूसरी ओर शहर की सड़कों की सफाई भी सुबह ही पूरी कर ली गई, ताकि गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शहर की सड़कों पर कचरों के बीच से बप्पा की प्रतिमा न ले जानी पड़े। इधर विसर्जन झांकी के दौरान नगर नगर निगम आयुक्त रातभर व्यवस्था में तैनात रहे। वहीं सुबह उन्होंने शहर के विभिन्न सड़कों में घूमकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। अलग-अलग मार्गों में हुई सफाई को देखा।

#### स्वच्छता के निर्देश

विसर्जन झांकी देखने लाखों लोग पहुंचते हैं। जिससे सड़क पर कचरा फैला रहता है। स्वच्छता टीम को पहले ही सफाई के निर्देश दिए गए थे। सुबह 12 बजे से पहले सड़क की सफाई पूरी कर ली गई थी।

\- अतुल विश्वकर्मा
आयुक्त, नगर निगम

## पुरानी रंजिश पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

- इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में किया गया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुरानी रंजिश के चलते चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। चाकू बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि गणेश विसर्जन के दौरान आरोपी गिरेन्द्र साहू व पेमेन्द्र साहू अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर पुरानी बातों को लेकर वाद-विवाद कर हाथ मुक्का से मारपीट करते जान से मारने की नीयत से आहत के पेट में धारदार चाकू से वार कर घायल कर दिया, जिसे ईलाज हेतु जिला मेडिकल कॉलेज पेंड्री में भर्ती किया गया। रिपोर्ट पर चौकी चिखली में धारा 296, 109(1), 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

#### चाकू जब्त

कड़ाई से पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया, जो आरोपियों द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त एक नग चाकू को जब्त कराया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल कर अपचारी बालकों को न्यायिक संरक्षणात्मक अभिरक्षा में भेजा गया।

#### घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा

इस मामले में चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी हेतु तत्काल मौका स्थल रवाना किया गया। मुखबीर की सूचना पर आरोपियों को बजरंगपुर नवागांव तालाब के पास छिपे होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल दबिश देकर आरोपी गिरेन्द्र साहू उर्फ राजू 19 साल व पेमेन्द्र साहू 19 साल दोनों बजरंगपुर नवागांव एवं अन्य दो नाबालिगों को बजरंगपुर नवागांव तालाब के पास से घेराबंदी कर पकड़ा गया।



**राजनांदगांव।** विसर्जन झांकी के दौरान शहर में कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं एसपी मोहित गर्ग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहे।

### छुरिया में मनाया गया शिक्षक दिवस

**राजनांदगांव।** ग्राम छुरिया के डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामुदायिक भवन में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला राजनांदगांव के पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी केएल टांडेकर, डीडी पांडे, एमआर कुंजाम, पीआर चंद्रवंशी, बीटी वालदे, श्री सोनबोईर, केआर साहू एवं मंचासीन अतिथियों का स्वागत पेंशनरों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री टांडेकर द्वारा संविधान के उद्देशिका का पठन कर पेंशनरों को पठन करवाया गया।

पृष्ठ 9 का शेष

### अशांति फैलाने ...

उम्र 22, शिवम सिन्हा उम्र 21, मोहन, भुवनेवश्वर मानिकपुरी उम्र 22, शिवम यादव उम्र 25, आकाश ठाकुर उम्र 28, राहुल सालेमन उम्र 28, नरेन्द्र साहू उम्र 25, संदीप माही उम्र 20, मुकेश यादव उम्र 20, विकास सोनकर उम्र 21, प्रकाश सोनकर उम्र 20, सुमित रनसुरे उम्र 26, भूषण उईके उम्र 25, इमरान खान उम्र 23, सतीश गजभिये उम्र 27, साहिल कुमार साहू उम्र 19, केशर यादव उम्र 20, मुकेश देशमुख उम्र 21, यश घरडे उम्र 21, रोशन साहू उम्र 20, महेश उर्फ लाकार उम्र 29 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) भानासुसं के तहत कार्रवाई कर अनावेदकगणों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायलय के समक्ष पेश किया गया तथा माननीय न्यायालय से उपरोक्त सभी अनावेदकों का जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जेल दाखिल किया गया।

### पुतला दहन के दौरान...

का उपयोग करने से कांग्रेसियों में आक्रोश देखा गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि पुलिस को पुतले की आग बुझाने के लिए पानी का उपयोग करना चाहिए। इससे पहले भी पावडर का उपयोग नहीं करने को लेकर कहा गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पुतला दहन में अग्निशामक पावडर का उपयोग होता है और भाजपा राहुल गांधी का पुतला जलाती है तो रोका भी नहीं जाता है।

## पुलिस ने पकड़े 50 वारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर माह अगस्त में 50 स्थाई वारंट तामिल किया है। जिसमें 20 साल से फरार नक्सल प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक सांडिल्य राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव एवं पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन में फरार आरोपियों के विरूद्ध माननीय न्यायालयों से गिरफ्तारी हेतु जारी स्थायी वारंट के वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए जिला स्तर पर 1 से 31 अगस्त तक स्थायी वारंट तामिली विशेष अभियान चलाया गया। थाना प्रभारियों एवं थाना स्टॉफ का विशेष टीम गठित कर प्रदेश से बाहर निवासरत वारंटियों को गिरफ्तार करने पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव से दीगर राज्य टीम भेजने अनुमति लेकर प्रदेश के बाहर टीम भेजकर दबिश दी गई। विशेष अभियान के तहत माह अगस्त 2025 में जिला निर्माण पश्चात एक माह में रिकार्ड कुल 50 स्थाई गिरफ्तारी वारंट तामील की गई। जिसमें 20 साल से फरार नक्सल प्रकरण के आरोपी का स्थायी वारंट तामील कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने में सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार 13 अगस्त को थाना मदनवाड़ा के बंडा पहाड़ के पास पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मारे गए नक्सली विजय रेड्डी एवं लोकेश सलामे का भी स्थाई वारंट लंबित था, जिसे माननीय न्यायालय मूलतः वापस कर तामील किया गया। स्थाई वारंट तामिली अभियान में थाना मानपुर, अंबागढ़ चौकी, खड़गांव, औंधी, कोहका एवं मदनवाडा के थाना प्रभारी एवं स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।



खबर संक्षेप

## अगले बरस तू जल्दी आ जयघोष के साथ श्री गणेश प्रतिमा का किया विसर्जन



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिवसीय श्री गणेशोत्सव पर्व श्रद्धा व भक्ति पूर्वक के साथ मनाया गया। वहीं विधि विधान से हवन पूजा के बाद से ही भगवान श्री गणेश को भावभीनी विदाई दी गई। इस विसर्जन के दौरान भोरमदेव शक्कर कारखाना कॉलोनी के श्रद्धालुओं व भक्तजनों द्वारा मंगल मूर्ति श्री गणेश की विदा करते नगर भ्रमण के साथ चौक चौराहों व गली मोहल्ले में विधि विधान से पूजा अर्चना व गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ की जयघोष के साथ भावभीनी विदाई दी गई। जिसमें आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं द्वारा 11 दिनों तक काफी उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने तालाब में विसर्जन करते हुए अंतिम विदाई दी गई। जिसमें भोरमदेव शक्कर कारखाना कॉलोनी व भक्त सहित श्रद्धालु गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### अयोध्या से लौटे प्रभु श्री रामलला के दर्शन कर 63 श्रद्धालुओं का किया भव्य स्वागत: उपमुख्यमंत्री

# रामलला दर्शन हर श्रद्धालु के लिए अविस्मरणीय अनुभवः श्री शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रामलला दर्शन योजना के तहत रविवार को अयोध्या से लौटे जिले के 63 श्रद्धालुओं का कवर्धा में अभूतपूर्व स्वागत किया। उन्होंने विधायक कार्यालय में श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर शाल एवं श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अयोध्या और काशी विश्वनाथ दर्शन यात्रा के अपने अनुभव साझा किए और राज्य शासन की इस अनोखी पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राजेन्द्र चन्द्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, संतोष पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने श्रद्धालुओं से चर्चा करते हुए कहा कि प्रभु श्री रामलला के दर्शन हर श्रद्धालु के लिए अत्यंत पवित्र और अविस्मरणीय अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि समाज के लंबे 500 वर्षो के संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ है और भगवान श्रीराम वहां विराजमान हुए हैं।

उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अपने गांव-गांव में जाकर इस यात्रा से प्राप्त आध्यात्मिक ऊर्जा और आनंद की अनुभूति लोगों के साथ साझा करें। श्रद्धालुओं ने बताया कि अयोध्या का रामलला मंदिर दिव्य और भव्य है। वहां का अद्भुत दृश्य देखकर उन्हें अपार शांति और संतोष प्राप्त हुआ। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई सुविधाओं और स्वागत-सत्कार के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह यात्रा उनके जीवन की अविस्मरणीय धरोहर बन गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्री रामलला दर्शन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के श्रद्धालुओं को शासकीय सहायता से अयोध्या में श्रीरामलला और काशी विश्वनाथ के दर्शन कराने की सुविधा दी जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना का लाभ प्रदेश के 18 से 75 वर्ष तक के निवासी उठा सकते हैं। यह योजना जीवन में एक बार अयोध्या और काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए निःशुल्क शासकीय सहायता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ यह योजना छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**जिले के कुल 553 श्रद्धालुओं को इस योजना का लाभ मिल चुके है**



उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को रामलला और काशी विश्वनाथ के दर्शन हेतु शासकीय सहायता उपलब्ध करा पा रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब तक जिले के कुल 553 श्रद्धालु इस योजना का लाभ ले चुके हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को अयोध्या और काशी विश्वनाथ के पावन दर्शन कराने के लिए आभार प्रकट किया।

# स्कूल गेट के सामने कूड़े का अंबार, दुर्गंध से स्कूली छात्र छात्राएं परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत पोंड़ी चौक रायपुर-कवर्धा-जबलपुर एनएच 30 स्थित प्राथमिक विद्यालय के मुख्य गेट के सामने भारी मात्रा में कूड़ा कचरे का अंबार लगा हुआ है। जिससे प्राथमिक विद्यालय के सामने कूड़े का ढेर लगा हुआ है जिससे निकालने वाली कूड़े के दुर्गंध से विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों का कहना है कि जब तेज हवा चलती है तो क्लास रूम में बैठना मुश्किल हो जाता है। वहीं गंदे वातावरण के कारण कक्षाओं में पढ़ाई करना असंभव सा हो गया है। इस समस्या के कारण अब बच्चे भी स्कूल आने से बचने लगे हैं। अभिभावक भी अपने बच्चों को विद्यालय भेजने में हिचक रहे हैं। जिस पर स्थानीय लोगों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर मांग कर विद्यालय के सामने मौजूद कूड़े को तत्काल हटाया जाए ताकि बच्चों को स्वच्छ वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय प्रशासन से जल्द कार्यवाही की मांग की गई। जिससे नगर पंचायत पालकगणों ने इस मार्ग से जिम्मेदारों का हमेशा आना जाना लगा रहता है। किसी का ध्यान इस गंदगी पर नहीं जा रहा है। स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा भी यहां साफ-सफाई के प्रति कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कचरे के ढेर पर बीमारियां पनप रहीं हैं, जिसकी चपेट में विद्यालय के बच्चे कभी भी आ सकते हैं।

## कामठी स्कूल में उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

वनांचल के गौरव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में विद्यालय के बच्चों ने बड़े ही उत्साह व धूमधाम के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य और समस्त स्टाफ द्वारा मां सरस्वती व डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सभी गुरुजनों का तिलक लगा कर पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया तथा श्रीफल शाल, पेन व डायरी भेंटकर कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया तथा शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अच्छे जीवन और अच्छे पढ़ाई के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हुए आशीर्वाद दिए। वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन छात्रा नेहा तथा छात्र दीपक ने किया।

**क्षेत्र में नम आंखों से गणपति बप्पा को दी गई भावभीनी विदाई**



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, दामापुर, कुंडा, भगतपुर, धनेली, पिपरमाटी, मोहतरा कला, कंझेटा, अमलीमालगी, कुआंमालगी, सेमरकोना, निगापुर बसनी, घोरपेंड्री, पेंड्रीकला सहित आसपास के क्षेत्र में गणपति बप्पा को धूमधाम से डीजे के धून में नाचते व झूमते हुए नम आंखों से भावभीनी विदाई दी गई। वहीं क्षेत्र के गांव, गली व चौक चौराहो में गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के नारा से क्षेत्र गुंज उठा। जिसमें बाल व युवा गणेशोत्सव समिति द्वारा एवं स्कूल के छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं द्वारा विधि-विधान से 11 दिन तक गणपति बप्पा मोरिया व सेवा पूजा-अर्चना एवं अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया गया। जिसमें रविवार को सुबह से ही गणपति बप्पा मोरिया का विदाई नम आंखों से पूरे गांव में भ्रमण कर फटाका व रंग गुलाल के साथ डीजे के धुन में थिरकते हुए तालाब में विसर्जन किया गया। साथ ही गली- मोहल्ला में गणपति बप्पा मोरिया की पूजा अर्चना व क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।

## शिक्षक दिवस पर एसबीआई लाइफ ने किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हुए एसबीआई लाइफ शाखा कुंडा एवं कवर्धा ने सम्मान समारोह आयोजित कर क्षेत्र एवं विकासखंड पंडरिया के सैकड़ों शिक्षकों का शाल, श्रीफल व कलम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया साथ ही साथ सेवानिवृत्त शिक्षक जिसमें सुकूतराम चंद्राकार, कमलुसाय पैकरा, सुधाराम साहू, रामकुमार गुप्ता, रामावतार विश्वकर्मा को इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बनाकर उनका सम्मान किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के आयोजन एसबीआई लाइफ कुंडा एवं कवर्धा के अधिकारियों ने जिसमें श्रीकांत शुक्ला सीनियर ब्रांच मैनेजर मुंगेली, शैलेश श्रीवास्तव, आरएम पूर्णानंद तिवारी, डीएसएम मनोज चंद्रवंशी, सीनियर एजेंसी मैनेजर एवं कुंडा के एसबीआई लाइफ के वित्तीय सलाहकार रोहित रजक ने भी संबोधित कर शिक्षकों का सम्मान किया। वहीं पर सेवानिवृत्त शिक्षक सुकूतराम चंद्राकर, सुधाराम साहू एवं रामावतार विश्वकर्मा, रामकुमार गुप्ता ने अपने शिक्षकीय जीवन के अनुभवों को




शिक्षक साथियों के बीच साझा किया। साथ ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूसे में पदस्थ अंग्रेजी के व्याख्याता मुन्नालाल चंद्राकर एवं महली प्रधान पाठक सोभनाथ साहू ने अपने शिक्षकीय जीवनवृत्त को अपने उद्बोधन के माध्यम से रेखांकित किया। क्षेत्र के बहुत ही सूझबूझ एवं अनुभवी शिक्षक कलीराम चंद्राकर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडा के शिक्षक ने बहुत ही उत्कृष्टता के साथ आदि से अंत तक कार्यक्रम का विशेष संचालन किया, अंत में एसबीआई लाइफ कुंडा के वित्तीय सलाहकार रोहित रजक ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्रीकांत शुक्ला, शैलेश श्रीवास्तव, परिपूर्णानंद तिवारी, मनोज चंद्रवंशी, रोहित रजक तथा शिक्षक गणों में कमलुशाय पैकरा, प्राचार्य सुकूतराम चंद्राकर, सेवानिवृत्त व्याख्याता सुधारराम साहू, रामकुमार गुप्ता, प्रधान पाठक रामावतार विश्वकर्मा, बलदाऊ चंद्राकर, सोमनाथ साहू, मुन्नालाल चंद्राकर, मन्नूलाल चंद्रसेन, तोमन ठाकुर, नीलम धनकर, देवेश वैष्णव, कैलाश चंद्रवंशी, इंद्रजीत मंडलोई, सुखचैन निर्मलकर, विनीत चंद्राकर, भागीरथी चंद्राकर, शालिकराम यादव, भुवनेश्वर सिंह चौहान, सुनील तिवारी, लालजी चंद्रवंशी साथ ही साथ श्रीमती रुपाली सिंह, श्रीमती ममता सोनी, श्रीमती श्वेता तिवारी, श्रीमती गायत्री चंद्रवंशी, श्रीमती कला साहू, श्रीमती दुर्गा राठौर, श्रीमती हंसलता अनंत उपस्थित थें।

# पीएम सड़क में गड्ढें ही गड्ढें दुर्घटनाओं को दे रहा न्योता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

तहसील कुकदुर अंतर्गत ग्राम कुई से नेऊर तक पहुंच मार्ग प्रधानमंत्री सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह डामर और गिट्टी उखड़ चुकी है, जिसके कारण बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इससे वाहन चालकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से ओवरलोड व भारी वाहनों कि प्रतिबंध के बाद भी बड़े-बड़े भारी ट्रकों का लगातार आवागमन होता है, जिससे सड़क की हालत और तेजी से बिगड़ रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस मार्ग से स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी सहित कई गांवों के लोग प्रतिदिन आना-जाना करते हैं और खराब सड़क के कारण उन्हें जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को नियमानुसार संबंधित ठेकेदार को समय-समय पर सड़क की मरम्मत व सुधार कार्य की मांग की गई ताकि आने जाने वाले राहगीरों को राहत व सुविधा मिल सकें। जिस पर ग्रामवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत व कार्यवाही जाए ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

**शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर में शिक्षक दिवस मनाया**




**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत भगतपुर स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर में छात्र-छात्राओ व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षक के स्वागत सम्मान के लिए गीत, भाषण, कविता, की शानदार प्रस्तुति दी गई। जिस पर प्रधान पाठिका श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी, शिक्षिका श्रीमती शकुंतला यद्दु एवं उत्तम कुमार वर्मा द्वारा शिक्षा के अर्थ एवं गुरु महिमा एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बहुत अच्छे ढंग से बच्चों को समझाया गया कि इसके बाद छात्र-छात्राओं को श्रीमती शकुंतला यद्दु द्वारा मिठाई एवं लेखनी प्रदान किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों को उपहार देकर कार्यक्रम का समापन किया गया, इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### आसपास क्षेत्र के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

# सात दिवसीय सतनाम धुनी गुरु घासीदास संदेश संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में सतनामी समाज द्वारा सात दिवसीय संगीतमय सतनाम धुनी का आयोजन किया गया, जिसमें सतनाम धर्म के लोग गुरु बाबा घासीदास के प्रतीक जोड़ा जैतखाम की पूजा-पाठ और चौका मंगल आरती कर शुभारंभ किया गया। सतनाम धुनी सतनाम गुरुद्वारा धार्मिक स्थल पर पहुंचकर आसपास के सतनाम पंथ के अनुयायियों ने पंथी नृत्य के माध्यम से सतनाम-सतनाम का संदेश दिया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बरबसपुर में जगतगुरु गुरुरुद्र कुमार द्वारा 19 वर्ष पहले भव्य अमर ज्योति कलश और गुरु गद्दी और जोड़ा जैतखाम की स्थापना की गई है, जहां बड़ी संख्या में सतनाम पंथ के अनुयायियों ने पूजा-पाठ कर आशीर्वाद मांगते रहे और गुरु बाबा घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने प्रयास किया गया। जिस पर सतनाम पंथ समिति के अध्यक्ष विजय कुमार कोसले ने बताया कि ग्राम बरबसपुर में हर वर्ष सितंबर माह में 7 दिवसीय सतनाम धुनी का आयोजन किया जाता है और वही हर वर्ष अप्रैल माह में तीन दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन किया जाता है। बताया जाता है कि तीन दिवसीय सतनाम मेला




का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह द्वारा 2008 में किया गया तब से तीन दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन किया जाता है। वहीं इस सात दिवसीय सतनाम कार्यक्रम में आसपास के पंथी टोलियों द्वारा शानदार मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसमें आसपास क्षेत्र के क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पीएम आवास सूची से वंचित ग्रामीण गरीब हितग्राही परिवार, बड़ी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम रेगाबोड निवासी



सुरेश कुमार चंद्राकर ने बताया कि कुछ समय पहले प्रधानमंत्री आवास सूची से वंचित लोगों का गणना कर गांव, गांव में सर्वे कर आवास नाम सूची में जोड़ने की प्रक्रिया शुरू किया था, उस सूची में बहुत से ऐसे ग्रामीण गरीब व आवासहीन भूमिहीन, विधवा, परित्यागत पात्र शामिल थे। जिन्हें पहली प्राथमिकता में रखना था, लेकिन पहली प्राथमिकता तो दूर उनका नाम दूर-दूर तक सूची में नहीं या सूची को ही सार्वजनिक नहीं किया है, बस जनता को मूर्ख और बरगलाने के उद्देश्य से जिसे दुर्भाग्य कहे या सोची समझी राजनीति के तहत सर्वे कराया है और ऐसे व्यक्ति को जो पक्के मकान में निवासरत या जिनके नाम पर जीविकोपार्जन के लिए पर्याप्त जमीन जायदाद घर है उन्हें ही पंचायत सचिव के द्वारा अनुमोदन कर पहले प्राथमिकता दी है जो समझ से परे है या कौन से क्राइटेरिया को आधार मानकर पात्र बना रहे हैं और लाभ पहुंचाया जा रहे हैं स्पष्ट करनी चाहिए। एक तरफ भाजपा गरीब, आवासहीन, भूमिहीन, विधवा को पहली प्राथमिकता की ढिंढोरा पिटते हुए वाहवाही लूट रहे हैं वहीं दूसरी तरफ ठीक विपरित कार्य हो रहे हैं इससे स्पष्ट होता है कि आवास के नाम पर छुटे हुए लोगों का सर्वे कार्य दिखावा, झूठा खोखला और गरीबों के साथ भद्दा मजाक एवं खिलवाड़ हैं। पंडरिया विधायक भावना बोहरा वास्तविक में गरीब, आवासहीन भूमिहीन, विधवा परित्यक्त की हित चाहती हैं तो सर्वे हुए सूची की पहल करनी चाहिए और पात्र लोगों को पहली प्राथमिकता देनी चाहिए।

## धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

महाविद्यालय में समस्त छात्र छात्राओं व मुख्य रूप से प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा के निर्देशन में शिक्षक दिवस मनाया गया। ने सभी प्राध्यापको का स्वागत कर उपहार प्रदान किए। महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष परषोत्तम निर्मलकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुओं का हमारे जीवन में बहुत महत्व है, गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नही हो सकती। श्री निर्मलकर ने महाविद्यालय के सभी प्राध्यापको को प्रशस्ति पत्र एवं कलम प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापक केशव प्रसाद जायसवाल, झगर कुमार साहू, पूर्णिमा साहू, गुलाबा धृतलहरे, दिव्या भारती कुर्रे, श्रीमती जिज्ञासा पात्रे एवं अंजू निर्मलकर और सौरभ धावलकर उपस्थित थें।

**अनदेखी:** ग्रामीणों ने कहा एक पेड़ मां के नाम पर जंगल तस्करों के नाम पर

# मुख्य मार्ग पर सागौन की अवैध कटाई, वन विभाग को भनक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/बोड़ला

जिम्मेदार विभाग और प्रशासन की अनदेखी के चलते जिले के लकड़ी तस्करों के हौसले इतने बुलंद हो चुके है कि अब वे जंगल तो जंगल मुख्य मार्गो में लगे कीमती ईमारती हरे भरे पेड़ों को भी नही छोड़ रहे हैं और उनकी अवैध कटाई कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक हाल ही में वन परिक्षेत्र बैरख में मुख्य मार्ग पर पांच सागौन के हरे-भरे वृक्षों को दिनदहाड़े काट दिया गया और जिम्मेदारों को इसकी भनक तक नहीं लगी। इससे साफ जाहिर होता है कि एक पेड़ मां के नाम का नारा बुलंद कर लोगों को पौध रोपण कराने वाले अपने कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति कितने गंभीर हैं।

जानकारी के अनुसार, अवैध कटाई की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने विभाग को इसकी सूचना दी, लेकिन बिट गार्ड से लेकर डिप्टी रेंजर और रेंजर तक किसी ने तत्काल मौके पर पहुंचने की जहमत नहीं उठाई। आखिरकार जब मामला डीएफओ और रेंजर तक पहुंचा तब कहीं जाकर वन परिक्षेत्र रक्षक मीना मेरावी मौके पर पहुंची और केवल इतना कहा कि कार्रवाई कर विभाग को सूचित करूंगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अपने कर्तव्यों से पूरी तरह बेखबर हैं।

विभाग की यह लापरवाही न केवल बहुमूल्य सागौन जैसे वृक्षों को खत्म कर रही है, बल्कि वन्यजीव और पर्यावरण पर भी गहरा संकट खड़ा कर रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई हो और नियमित गश्त एवं निगरानी सुनिश्चित की जाए, अन्यथा सागौन जैसे बहुमूल्य वृक्ष पूरी तरह से जंगलों से गायब हो जाएंगे। इस घटना के बाद यह स्पष्ट है कि वन विभाग की ढिलाई और मिलीभगत से जंगलों की हरियाली उजड़ रही है। यदि अब भी कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो यह अवैध कटाई आने वाले समय में बड़े पर्यावरण संकट का रूप ले लेगी। इस विषय पर डीएफओ निखिल अग्रवाल ने जांच कर कार्यवाही और परिक्षेत्र के वन कर्मचारी को नोटिस जारी कर वसूली कि कार्यवाही करने की बात कही है।




**जिले में नहीं थम रही पेड़ों की अवैध कटाई**

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के जंगलों में हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई थमने का नाम नहीं ले रही है। जिसकी शिकवा शिकायतें भी लगातार सामने आ रही है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि जिम्मेदार वन विभाग इन शिकायतों को जरा भी गंभीरता से नहीं ले रहा है। नतीजतन वनो की इस अवैध कटाई के बाद वन विभाग कभी किसी के घर से अवैध ईमारती लकड़ी की बड़ी खेप जप्त कर रहा है तो कभी किसी आरा मिल से अवैध ईमारती लकडी का लॉट मिल रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि वन विभाग अवैध कटाई पर आखिर रोक क्यों नहीं लगा पा रहा है।

# विजय शर्मा ने दिव्यांग युवक को दिया आगे बढ़ने का सहारा

**अमर मरकाम को तत्काल मिली स्कूटी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के कवर्धा विधायक कार्यालय में आज एक भावुक पल देखने को मिला। जब बोड़ला विकासखंड के ग्राम घोंघा निवासी अमर मरकाम, जो शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं।

उन्होंने अपनी पीड़ा उप मुख्यमंत्री के समक्ष व्यक्त की। उन्होंने बताया कि बाहर आने-जाने में उन्हें अत्यधिक कठिनाई होती है और उन्हें स्कूटी की आवश्यकता है। अमर मरकाम की व्यथा सुनते ही उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अत्यंत संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल उन्हें स्कूटी प्रदान की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जरूरतमंदों तक वास्तविक रूप से पहुंचाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता समाज के अंतिम छोर तक विकास और सुविधा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जो लोग अपनी असमर्थताओं के कारण कठिनाई झेल रहे हैं, उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही सच्ची जनसेवा है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार समाज के कमजोर, वंचित और दिव्यांग वर्ग के साथ खड़ी है।

सरकार लगातार ऐसे कदम उठा रही है, जिससे हर व्यक्ति सम्मानपूर्वक और आत्मनिर्भर जीवन जी सके। अमर मरकाम को दी गई स्कूटी केवल एक सहायता नहीं, बल्कि सरकार की संवेदनशीलता और आमजन के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

इस पहल ने पूरे जिले में संदेश दिया है कि जरूरतमंद की आवाज सरकार तक न केवल पहुंचती है, बल्कि उस पर त्वरित कार्रवाई भी होती है।

## खबर संक्षेप

### अनिल बंजारा चुने गए संघ के जिलाध्यक्ष

**कवर्धा।** कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ द्वारा रविवार को बैठक आयोजित कर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अनिल बंजारा को अध्यक्ष, शक्तिनंद वैष्णव एवं जीवन मार्को को उपाध्यक्ष, सौरभ झा जिला सचिव, महेन्द्र कौशिक कार्यालयीन सचिव, वैभव मिश्रा सह सचिव सुरेश निर्मलकर को कोषाध्यक्ष एवं जिला संयोजक के रुप में सारांश शर्मा एवं वीरेन्द्र यादव एवं श्रीमती सरोज श्रीवास्तव महिला प्रकोष्ठ के रुप में निर्विरोध चयनित किये गए। साथ ही गोपी शर्मा को मिडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया। सभी पदाधिकारीयों एवं सदस्यों ने संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा कृषकों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही कृषि प्रसार कार्यों को नवीन तकनीकों से जोड़कर किसानों तक पहुंचाने पर बल दिया गया।

### अवैध रूप से बेच रहा था कच्ची शराब, पकड़ाया

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से घर के परछी में कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बागनदी पुलिस द्वारा 6 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम घोरतलाव गोंडपारा निवासी मुकेश कोर्राम द्वारा अपने घर के सामने परछी में मात्रा से अधिक कच्ची महुआ शराब रखकर अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु शराब बिक्री कर रहा है। मुखबीर सूचना पर पुलिस ने रेड कार्रवाई कर आरोपी मुकेश कोर्राम 37 वर्ष निवासी ग्राम घोरतलाव को अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा।

# दो अलग-अलग मामलों में चार गांजा तस्कर गिरफ्तार

## पाण्डातराई व पोंड़ी पुलिस ने की कार्यवाही






- गांजा बेंचने की जुगत भिड़ा रहे थे गिरफ्त में आए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर लगातार कड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एक बार फिर नशीले पदार्थ का कारोबार करने वालों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

जानकारी के मुताबिक थाना पाण्डातराई एवं चौकी पोड़ी थाना बोड़ला पुलिस ने दो अलग-अलग कार्यवाहियों में कुल 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। पहली कार्यवाही में पाण्डातराई पुलिस ने गत सितम्बर को अपराध क्रमांक 141/2025 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी मनहरण चंद्राकर पिता रामनिहौरा चंद्राकर निवासी ग्राम कोयलारीडीह थाना पिपरिया तथा राजा यादव पिता गोपाल यादव निवासी ग्राम पथरी चौकी दामापुर थाना कुण्डा को दबोचा है। पुलिस ने दोनों के संयुक्त कब्जे से सफेद रंग के थैले में रखा अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद कर मौके पर पंचनामा, पहचान, तौल एवं सीलिंग की सभी कानूनी कार्यवाहियां पूर्ण कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी पाण्डातराई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक रघुवंश पाटिल, आरक्षक पुरुषोत्तम वर्मा एवं उनकी टीम की सक्रिय भूमिका रही। इसी प्रकार दूसरी कार्यवाही में चौकी पोड़ी थाना बोड़ला पुलिस ने 6 सितम्बर को ही अपराध क्रमांक 0/2025 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी विनोद साहू पिता स्व. कोमल साहू निवासी कुटकीपारा थाना कवर्धा तथा सुनील कुमार गेण्ड्रे पिता दुर्गा प्रसाद गेण्ड्रे निवासी जेवड़न खुर्द थाना कवर्धा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखा गांजा जब्त किया गया, जिसका कुल वजन 1 किलो 30 ग्राम पाया गया। मौके पर विधिवत पंचनामा, तौल, पहचान एवं सीलिंग की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी पोड़ी उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण साव, सहायक उप निरीक्षक बलदाऊ भट्ट, प्रधान आरक्षक खूबी राम साहू, प्रधान आरक्षक बलदाऊ सत्यवंशी, आरक्षक हेमंत भट्ट, अंजोर कुर्रे, मनहरन शोरी तथा आसिफ खान की भूमिका उल्लेखनीय रही। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह ने कहा है कि जिले में नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज और विशेषकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले इन अपराधियों को कानून के शिकंजे में कसकर कठोर दंड दिलाया जाएगा। जिले में नशे के कारोबार को जड़ से समाप्त करने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है और यह अभियान आगे भी और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेगा।

# गांवों में किया गया गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजई

ग्राम बिजई सहित आसपास के गांवों में गणेश उत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं अनंत चतुर्दशी के दिन हवन पूजन के बाद गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। अनंत चतुर्दशी के दिन ग्राम बिजई, कारीमाटी, रवेली, खड़ौदा खुर्द तथा बटुराकछार में गणेश उत्सव समितियों ने सुबह गणेश पण्डालों तथा अपने घरों में हवन पूजन कर भगवान गणेश प्रतिमाओं की गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली तथा स्थानीय जलाशयों में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान गणेश भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। उत्साही भक्त विसर्जन के दौरान गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ की आवाज बुलंद कर रहे थे।



# अजय चन्द्रवंशी भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी नियुक्त

- पतंजलि कार्यालय कवर्धा में आयोजित की गई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पतंजलि कार्यालय कवर्धा में गत दिनो बैठक आयोजित कर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दायित्व सौंपा गया।



बैठक में मुख्य रूप से पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से आए स्वामी नरेंद्र देव, तीनो प्रान्त के भारत स्वाभिमान न्यास के प्रभारी संजय अग्रवाल, पतंजलि योग समिति प्रान्त प्रभारी मनोज पाणिग्रही, युवा भारत प्रान्त प्रभारी जयंत भईया, किसान सेवा समिति प्रान्त प्रभारी गणेश तिवारी, पतंजलि योग समिति रायपुर जिला प्रभारी राम, भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रान्त प्रभारी छवीलाल, हेमंत, कबीरधाम जिला के पाचों संगठन के जिला प्रभारी, चारों तहसील के तहसील प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए अजय चंद्रवंशी को भारत स्वाभिमान न्यास का जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला प्रभारी श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि जिस प्रकार से बाबा रामदेव ने योग, यज्ञ और स्वदेशी को बढ़ावा दिया है उसी को हम आगे बढ़ाते हुए जिले के सभी गांवों में जाकर योग यज्ञ और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का प्रचार प्रसार करेंगे और योग को घर-घर, जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। वहीं उन्होने सौंपे गए दायित्व का पूरी निष्ठा के साथ निर्वाहन करने का भरोसा दिया।

श्री चन्द्रवंशी को भारत स्वाभिमान न्यास का जिला प्रभारी बनाए जाने पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

# झलमला में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला आज

- कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के आम नागरिकों के स्वास्थ्य संवर्धन और रोग निवारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अगामी 8 सितंबर 2025, सोमवार को कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम झलमला के बाजार चौक में विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश में आयुष विभाग द्वारा व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न रोगों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। साथ ही लोगों को निरोगी जीवन जीने हेतु आयुर्वेद के प्रभावकारी सिद्धांतों और योग की विधियों की जानकारी भी दी जाएगी। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि विशेष में वात रोग, चर्म रोग, पेट के रोग, बच्चों के रोग, बवासीर, स्त्री रोग, पुरानी खांसी-श्वास, सर्दी-जुकाम, बुखार, पीलिया, मधुमेह, निम्न व उच्च रक्तचाप, सिकलीन एवं वृद्धजन से जुड़े रोगों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। साथ ही वर्षा ऋृतु में होने वाले रोगों के लक्षण व उपचार की जानकारी दी जाएगी। शिविर में योग परामर्श जैसे योग विशेषज्ञों द्वारा दैनिक जीवन में योग को अपनाने के सरल उपाय बताए जाएंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्रीय नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने की अपील की गई है।

**कलेक्टर की पहल पर शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन के लिए विषय विशेषज्ञों की महती बैठक सम्पन्न**

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष में ब्लूप्रिन्ट आधारित होगी त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शिक्षा गुणवत्ता वर्ष 2025-26 के तहत प्रदेशभर में शिक्षा की गुणवत्ता उन्नयन के लिए गहन कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में कबीरधाम जिले में विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊँचाई देने के उद्देश्य से विशिष्ट विषय विशेषज्ञों की महती बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन 6 सितंबर को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल, रानी दुर्गावती चौक, कवर्धा में किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में शिक्षा गुणवत्ता वर्ष को ऐतिहासिक रूप देने का आह्वान किया गया है। उनके विजन को मूर्त रूप देते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले में शिक्षा के हर स्तर पर गुणवत्ता सुधार की ठोस कार्ययोजना पर बल दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होगा कि जिले का कोई भी बच्चा परीक्षा में पिछड़े नहीं, बल्कि अपनी क्षमता के अनुरूप उत्कृष्ट परिणाम अर्जित करे। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने भी सकारात्मक रूप से चर्चा करते हुए कहा कि मेरा पढ़ाया बच्चा फेल नहीं हो सकता है। यह विचार जिले की शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन अभियान का मुख्य सूत्र वाक्य बनकर उभराना चाहिए। स्वामी आत्मानन्द स्कूल में आयोजित बैठक में प्राथमिक से लेकर हायर सेकंडरी स्तर तक के कुल 80 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, सहायक संचालक एमके गुप्ता, यूआर चन्द्राकर, डीजी पात्रा, सतीश यदु एमआईएस, प्रशासक और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि त्रैमासिक परीक्षा 22 से 27 सितंबर 2025 के मध्य आयोजित होगी, जिसके लिए ब्लूप्रिन्ट आधारित प्रश्नपत्र तैयार किए जाएंगे। विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को 40 प्रतिशत पाठ्यक्रम के आधार पर एक सप्ताह के भीतर प्रश्नपत्र तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, प्रश्नपत्र निर्माण में अंक विभाजन, प्रश्नों का आकार-प्रकार, उत्तर लेखन की शब्द सीमा और गुणवत्ता परक प्रस्तुति की विशेष जानकारी साझा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा ने बताया कि बैठक में यह भी तय किया गया कि परीक्षोपरांत परिणामों के विश्लेषण के आधार पर दूसरी पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें शैक्षिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन कर उपचारात्मक शिक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान दिलाने हेतु विशेष मार्गदर्शन सत्रों का आयोजन भी विद्यालय स्तर पर किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा ने बताया कि जिले में शिक्षा सत्र के आरंभ से ही नवाचारी गतिविधि प्रत्येक दिवस एक कालखंड नियमित लेखन अभ्यास लागू की गई है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों की लिखावट को आकर्षक, सुडौल और त्रुटिहीन बनाते हुए उनकी लेखन गति व गुणवत्ता में सुधार लाया जा रहा है।



# साइबर सेल ने 97 मामलों में 40 लाख रुपए लौटाए, लोगों को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ऑनलाइन ठगी के मामलों में जहां लोगों की रकम वापस मिलना मुश्किल होता है, वहीं कबीरधाम पुलिस ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। साइबर सेल कबीरधाम ने अब तक 97 प्रकरणों में करीब 40 लाख रुपये पीड़ितों को वापस कराए हैं। यह काम पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा साइबर सेल डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर की देखरेख में किया गया।



गृह मंत्रालय के साइबर पुलिस पोर्टल और टोल-फ्री नंबर की मदद से ठगी की गई रकम को तुरंत होल्ड कर वापस दिलाया गया। इस कार्य में निरीक्षक महेश प्रधान, सहायक उप निरीक्षक चंद्रकांत तिवारी, आरक्षक आकाश राजपूत, मनीष कुमार, शिवम मण्डावी, अजय यादव और उपेन्द्र सिंह का योगदान सराहनीय रहा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऑनलाइन ठगी से बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। जितनी जल्दी सूचना देंगे, उतनी जल्दी आपकी मेहनत की कमाई बच सकेगी।